भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 3 जून 2025: कल्याणमयी – भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण समिति (AAIWWA) द्वारा भाविप्रा आर्टिस्ट फोरम (एएआईएएफ)**,** फेडरेशन ऑफ इंडियन फोटोग्राफर्स एंड आर्टिस्ट्स (FIPA) और कलांतर आर्ट ट्रस्ट के सहयोग से अपनी वार्षिक कला प्रदर्शनी के पांचवें संस्करण **"प्रेरणा-5: भावनाओं की कला"** का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी 26 मई से 29 मई 2025 तक भारतीय विमानन अकादमी, वसंत कुंज, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

इस वर्ष की प्रदर्शनी ने भावनात्मक अभिव्यक्ति और रचनात्मकता के उत्सव में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा। इससे पहले फरवरी माह में भाविप्रा ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में एक आर्ट कैंप का आयोजन हुआ था, जहां नवोदित और पेशेवर कलाकारों ने एक साथ मिलकर विचारों, तकनीकों और प्रेरणाओं का आदान-प्रदान किया।

भावनात्मक विषय **"भावनाओं की कला"** के अंतर्गत **प्रेरणा-5** ने रंगों, रेखाओं और कल्पनाशील आकृतियों के माध्यम से मानवीय भावनाओं की गहराइयों को दर्शाया। यह पहल कल्याणमयी की उस दूरदर्शी दृष्टि को प्रतिबिंबित करती है, जिसमें भाविप्रा समुदाय और समाज में रचनात्मकता एवं भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया है।

कल्याणमयी की ओर से एक प्रतिनिधि द्वारा कहा गया कि- "जहां शब्द कम पड़ जाते हैं, वहां कला दिलों को जोड़ती है। 'प्रेरणा' के माध्यम से हम सिर्फ रचनात्मकता का नहीं, बल्कि उन भावनाओं का भी उत्सव मनाते हैं जो हमें एक परिवार के रूप में जोड़ती हैं,"।

प्रदर्शनी ने आगंतुकों को एक गहनता से भावनात्मक अनुभव प्रदान किया, जो कला की उपचारात्मक और एकता स्थापित करने वाली शक्ति पर संवाद को प्रोत्साहित करता है। विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए कलाकारों और कला प्रेमियों को एक मंच पर लाकर, कल्याणमयी सामुदायिक एकजुटता को मजबूत करने और संस्कृति व रचनात्मकता के माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: निगमित संचार निदेशालय 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 06/2025-2026

KALYANMAYEE
Presents
Academy, Vasant Kunj
CERTIFICATE FOR PARTICIPATION